सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत पंजीकृत राष्ट्रीय संस्थान
पंजीकरण संख्या: S/2626/NW/SDM/2016

नीति आयोग, भारत सरकार
पंजीकरण संख्या: DL/2020/0257012




# हिंदी विकास संस्थान
## दिल्ली


# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड
# 2022

हिंदी विकास संस्थान
दिल्ली



# 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

## विचार



राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा है।

–महात्मा गाँधी



निज भाषा उन्नत अहै; सब उन्नति को मूल।
बिना निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय का सूल।।

–भारतेंदु हरिश्चंद्र



जब मैं भारत पहुँचा तो मुझे यह देखकर दुख और आश्चर्य हुआ कि शिक्षित लोग भी अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं से अनजान थे। वे अंग्रेज़ी बोलना गर्व की बात समझते थे। तब मैंने निश्चय किया कि मैं भारत की देशज भाषा की महत्ता को सिद्ध करूँगा। –फ़ादर कामिल बुल्के



किसी विदेशी भाषा को अंगीकार करना हमारे लिए गर्व की बात है, किंतु अपनी भाषा की उपेक्षा करके किसी विदेशी भाषा को स्वीकार करना हमारे लिए बड़े शर्म की बात है। –महादेवी वर्मा

हिंदी ही वतन है, हिंदी है अपनी शान।
हिंदी से ही होगी, हिंदुस्तान की पहचान।। –हिंदी विकास संस्थान

पंजीकरण संख्या- S/2626/NW/SDM/2016

# हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली

101, पॉकेट-12, सैक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली-110086
ईमेल: hindivikassansthan@gmail.com, वेबसाइट: www.hindivikassansthan.com
दूरभाष: 8800338321, 9891411114

प्रतिष्ठा में,
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या जी!

भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में बच्चों के कौशल विकास पर बल दिया गया है। हिंदी विकास संस्थान द्वारा भी भाषा कौशल के विकास हेतु समय-समय पर तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में हिंदी विकास संस्थान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022 प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को ₹200 परीक्षा शुल्क के रूप में देने होंगे, जिसमें ₹30 परीक्षा व्यवस्था कराने हेतु विद्यालय अपने पास रखेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022 के उद्देश्य बिंदु-**

- बच्चों के अंदर प्रतियोगिताओं में भाग लेने की भावनाओं को जगाना।
- बच्चों को सरल तरीके से हिंदी भाषा-संबंधी ज्ञान कराना।
- प्रत्येक कक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को इस प्रतियोगिता के पाठ्यक्रम से जोड़ते हुए बच्चों को परीक्षाओं हेतु तैयार करना।
- मानक वर्तनी का ज्ञान कराना एवं समाज में प्रचलित अशुद्ध शब्दों से परिचित कराते हुए उन्हें शुद्ध रूप में प्रस्तुत करना।
- हिंदी भाषा एवं दैनिक जीवन से जुड़ी बातों को पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित करते हुए जीवन मूल्यों की सीख देना।

उपर्युक्त उद्देश्य बिंदुओं की पूर्ति एवं अभ्यास हेतु हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक प्रतिभागी को **ई-अभ्यास-पुस्तिका** नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। हमें विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी प्रतिभागी गर्व का अनुभव करेंगे।
अत: आपसे अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिक-से-अधिक छात्रों को प्रेरित कर कृतार्थ करें।
अपेक्षाओं के साथ,

भवदीय

**डॉ. पीयूष कुमार शर्मा**
अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान
मोबाइल : 9891411114

# पुरस्कार एवं सम्मान

- **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022** में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को **प्रशस्ति-पत्र** तथा अपनी कक्षा में **प्रथम**, **द्वितीय** तथा **तृतीय** स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को **पदक** एवं **प्रशस्ति-पत्र**, **क्षेत्रीय** व **राष्ट्रीय स्तर** पर पदक, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएँगे।
- जो प्रतियोगी अपनी-अपनी कक्षा में राष्ट्रीय श्रेणी में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करेंगे, उन्हें ट्रॉफी, पदक एवं प्रशस्ति-पत्र के साथ-साथ **5100/- रुपये** पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएँगे।
- **दसवीं** और **बारहवीं** कक्षाओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि **7500/- रुपये** होगी। इतना ही नहीं, प्रतियोगियों की संख्या और प्राप्त पदकों के आधार पर श्रेष्ठ विद्यालयों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।
- एक से अधिक प्रतिभागियों के समान अंक आने पर सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। पुरस्कार की धनराशि बराबर-बराबर बाँट दी जाएगी।
- **कक्षा-1** तथा **कक्षा-2** के प्रतिभागियों के लिए विद्यालय स्तर पर ही पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र के साथ-साथ स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक प्रदान किए जाएँगे।
- पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। समारोह की सूचना पहले से ही विद्यालयों को दे दी जाएगी।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022

## प्रविष्टि-सूची


विद्यालय का नाम : ............................................................ परीक्षा केंद्र संख्या : ☐☐☐

| क्रमांक | अनुक्रमांक | प्रतियोगी का नाम | पिता/संरक्षक का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**कृपया ध्यान दें–**

यह प्रारूप कक्षा के क्रमानुसार भरा जाए। प्रतिभागियों की संख्या 24 से अधिक होने पर इस पृष्ठ की अतिरिक्त प्रतिलिपि (फोटोकॉपी) कराने के बाद इस प्रारूप को भरें।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022 से संबंधित मुख्य बिंदु




**1. प्रतियोगिता का आयोजन :**

इस प्रतियोगिता का आयोजन 11 जुलाई 2022 से 30 अगस्त 2022 के बीच हिंदी विकास संस्थान और विद्यालय द्वारा निर्धारित की गई तिथि को आपके विद्यालय में ही **ऑफ़लाइन** किया जाएगा।

**2.** 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022' में कक्षा-1 से कक्षा-12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक कक्षा के प्रश्न-पत्र में पूछे जाने वाले सभी प्रश्न दिए गए पाठ्यक्रम के अनुरूप ही होंगे।

**3. प्रश्न-पत्र का प्रारूप :**

| कक्षा | कुल प्रश्न | निर्धारित अंक | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| पहली और दूसरी | 20 | 5 | 100 |
| तीसरी से पाँचवीं | 25 | 4 | 100 |
| छठी से आठवीं | 40 | 5 | 200 |
| नौवीं से बारहवीं | 50 | 4 | 200 |

- परीक्षा की समयावधि एक घंटा होगी। प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 20 मिनट अलग से दिए जाएँगे।
- **कक्षा-1 तथा 2** के प्रश्न पत्रों की रचना बच्चों की आयु एवं उनकी क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए पाठ्यक्रम के अनुरूप होगी। वे अपने उत्तर प्रश्न-पत्रिका पर ही देंगे। किसी प्रश्न का गलत उत्तर देने पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
- **कक्षा 3 से 12** तक के प्रश्न-पत्रों में दिए गए सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQs) होंगे। प्रतियोगी उत्तर का सही विकल्प चुनकर उसका गोला (●) ओ.एम.आर. शीट पर भरेंगे। किसी प्रश्न का गलत उत्तर देने पर एक अंक काटा जाएगा।

**4.** हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रत्येक विद्यालय को प्रतियोगिता से पूर्व एक परीक्षा केंद्र संख्या दी जाएगी, जिसे प्रत्येक प्रतियोगी को अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करना होगा। प्रत्येक प्रतियोगी को हिंदी विकास संस्थान की ओर से 5 अंकों का एक अनुक्रमांक प्रदान किया जाएगा, जो प्रतियोगिता से पूर्व उपलब्ध करा दिया जाएगा।

**5.** हिंदी विकास संस्थान द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को ई-अभ्यास-पुस्तिका नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे विद्यार्थी अभ्यास कर सकेंगे। प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम एवं अभ्यास प्रश्न-पत्र हिंदी विकास संस्थान की वेबसाइट **www.hindivikassansthan.com** पर भी उपलब्ध रहेंगे।

**6. भारत से बाहर के प्रत्येक प्रतिभागी को $ 12 (USD) शुल्क देना होगा, जिसमें $ 2 (USD) परीक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यय हेतु विद्यालय अपने पास रखेंगे।**

**7.** जो प्रतिभागी 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022' प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उनका विवरण भेजी गई प्रविष्टि सूची के अनुसार भरकर निर्धारित की गई परीक्षा तिथि से 15 दिन पहले तक 'हिंदी विकास संस्थान' में अवश्य भेज दें। भेजे गए संपूर्ण विवरण की एक प्रतिलिपि अपने पास भी रखें। शुल्क की राशि नकद / ड्रॉफ्ट / NEFT / IMPS / RTGS द्वारा स्वीकार की जाएगी। ड्रॉफ्ट हिंदी विकास संस्थान के पक्ष में हो और नई दिल्ली शाखा पर देय हो।

**बैंक का विवरण–** खाताधारक – हिंदी विकास संस्थान
बैंक का नाम – इंडियन बैंक
बैंक शाखा – सैक्टर-24, रोहिणी, दिल्ली-110085
SWIFT कोड – **IDIBINBBSXT (South Extension Branch of Indian Bank)**
खाता सं. – **6449904286**
IFS कोड – **IDIB000R087**

**भेजने का पता: हिंदी विकास संस्थान, 101, पॉकेट-12, सैक्टर-21, रोहिणी, दिल्ली-110086**

**( किसी भी विवाद या परिवर्तन की स्थिति में हिंदी विकास संस्थान का निर्णय अंतिम माना जाएगा। )**



# विवरण-पत्रक

(कृपया, पूरा विवरण-पत्रक भरकर भेजें।)

विद्यालय का नाम एवं पूरा पता :

फोन नं. :

विद्यालय की ई-मेल आई.डी. :

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या का नाम :

मोबाइल नं. :

परीक्षा की प्रस्तावित तिथि :

अध्यापक / अध्यापिका का नाम :

मोबाइल नं. :

अध्यापक / अध्यापिका की ई-मेल आई.डी. :

भेजी गई कुल धनराशि का विवरण :

ड्रॉफ्ट / अन्य (संख्या) :

| कक्षा | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | | | | | | | | | | | | |

विद्यालय के प्रतिभागियों की कुल संख्या :

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर

(यह पत्रक डाक, कोरियर या ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। इसके साथ प्रविष्टि सूची भी भेजें।)

**वेबसाइट : www.hindivikassansthan.com ई-मेल : hindivikassansthan@gmail.com**
**मोबाइल नं. : 08800338321, 9891411114**

# पाठ्यक्रम एवं नमूना-पत्र

## 'राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2022' हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम

### पहली कक्षा

छोटे एवं बड़े-जीव जंतुओं की पहचान एवं उनके रहने के स्थान की पहचान, वर्णों की पहचान, चित्र देखकर बिना मात्रा वाले सही शब्द की पहचान, बिना मात्रा वाले शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, एक-अनेक (वचन), (लिंग-स्त्री जाति, पुरुष जाति), चित्र का पहले अक्षर से मिलान (केवल स्वर)

### दूसरी कक्षा

वर्णों की पहचान (स्वर एवं व्यंजन), स्वरों की मात्राओं की सही पहचान, नाम वाले शब्द-संज्ञा, गिनती का सही क्रम (एक से दस), कलगी एवं बिना कलगी वाले पक्षियों के नामों की पहचान, घास एवं मांस खाने वाले जीव-जंतुओं के नाम एवं उनकी आवाज़ें, स्वरों का सही क्रम एवं मात्राएँ, अलग शब्द की पहचान, चित्र देखकर सही शब्द की पहचान, शब्द पढ़कर सही चित्र की पहचान, फल एवं सब्ज़ियों के रंगों की पहचान एवं स्वाद, एक-अनेक शब्द (वचन), लिंग (स्त्रीलिंग एवं पुल्लिग), विपरीत अर्थ वाले शब्द (विलोम)।

### तीसरी कक्षा

पशु-पक्षियों और उनकी आवाज़ों की पहचान, स्वरों एवं व्यंजनों की पहचान, 'र' के विविध रूप, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान,, संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की पहचान, समान (पर्यायवाची) एवं विपरीत (विलोम) अर्थ वाले शब्द, शुद्ध शब्द, सप्ताह के दिनों के क्रमबद्ध नाम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, श, ष, स से बने सही शब्द की पहचान, बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान, एक से बीस तक गिनती का सही क्रम, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगो की जानकारी।

### चौथी कक्षा

स्वर एवं व्यंजन, संयुक्त व्यंजन, मात्राओं की पहचान ,'र' के रूप, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से तीस तक) अनेक शब्दों के लिए 'एक शब्द'। बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ) के सही स्थान की पहचान, भारत के धार्मिक एवं राष्ट्रीय त्योहारों के नाम।

### पाँचवीं कक्षा

स्वर, व्यंजन एवं मात्राएँ, संयुक्त व्यजंन, 'र' के रूप (रेफ और पदेन), मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण एवं क्रिया शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, काल, पर्यायवाची एवं विलोम, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम- (एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु ( ं ) एवं चंद्रबिंदु ( ँ ), वाक्य बनाना एवं अपठित काव्यांश।



## छठी कक्षा

वर्ण- स्वर एवं व्यंजन, मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, 'र' के रूप (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, शब्द के भेद, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर) पर्यायवाची एवं विलोम शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी में गिनती का सही क्रम-(एक से पचास तक), हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द। बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु (ँ), वाक्य बनाना या अपठित गद्यांश।



## सातवीं कक्षा

वर्ण- (स्वर एवं व्यंजन), मात्राओं का ज्ञान, संयुक्त व्यजंन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ़ और पदेन) मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, उपसर्ग, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया-क्रियाविशेषण शब्द, समुच्चयबोधक, काल, कारक, अनुस्वार एवं अनुनासिक शब्द, वाक्य (अर्थ के आधार पर), पर्यायवाची एवं विपरीत अर्थ वाले शब्द, शब्द-लड़ी, हिंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अपठित काव्यांश।

## आठवीं कक्षा

वर्ण एवं उसके रूप, शब्द एवं उसके भेद, (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) समास, कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग-वचन, संयुक्त व्यंजन, आगत स्वर एवं नुकता, 'र' के रूप, (रेफ और पदेन) मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, छह ऋतुओं के हिंदी मे नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित गद्यांश या काव्यांश।

## नौवीं कक्षा

वर्ण विचार, शब्द एवं पद, शब्द विचार, लिपि एवं भाषा, बोली और भाषा, 'र' के रूप, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), नुकता एवं आगत और निपात, संधि (स्वर) समास एवं उसके भेद, शब्द एवं उसके भेद (संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक एवं विस्मयादिबोधक) कारक, उपसर्ग-प्रत्यय, अलंकार, लिंग-वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्य के प्रकार (अर्थ के आधार पर), वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, महासागरों के हिंदी नाम, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, अनेकार्थी शब्द एवं अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।

## दसवीं कक्षा

शब्द, पद, बोली, भाषा एवं लिपि, वाक्य-(रचना एवं अर्थ के आधार पर), संधि (स्वर एवं व्यंजन) समास, वाच्य, अलंकार, संयुक्त व्यंजन (वर्ण-विच्छेद), 'र' के रूप, नुक्ता एवं आगत और निपात, विराम चिह्न, उपसर्ग-प्रत्यय, लिंग, वचन, मुहावरे और लोकोक्तियाँ, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची, विलोम शब्द, समरूपी भिन्नार्थक शब्द, वर्तमान में चल रहे अभियानों के नाम, सौरमंडल के ग्रहों के हिंदी नाम, अनेकार्थी शब्द तथा अपठित (गद्यांश एवं काव्यांश)।



## ग्यारहवीं कक्षा

मानक वर्तनी, जनसंचार, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, संचार, संचार के साधन, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, संपादकीय, समाचार, संपादक, रस, छंद, अलंकार, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य, संचार के दृश्य एवं श्रव्य साधन, महासागरों के हिंदी नाम, अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश।

## बारहवीं कक्षा

अपठित काव्यांश एवं अपठित गद्यांश, संचार, संचार के साधन, जनसंचार, मानक वर्तनी, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, मुद्रण एवं यांत्रिकी माध्यम, विज्ञापन, पत्रकारिता, समाचार, संपादकीय, संपादक, अलंकार, रस, छंद, व्यावहारिकता के आधार पर जीवन मूल्यों से जुड़ी बातें, भाषा-शिष्टता, अव्यय, शुद्ध शब्द एवं शुद्ध वाक्य। रिपोर्ट लेखन, संवाददाता, इंद्र धनुष के सात रंगों के हिंदी नाम एवं उनका क्रम, आवेदन-पत्र का प्रारूप एवं दृश्य-श्रव्य साधन।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022

(प्रश्न पत्र का प्रारूप)

प्रतियोगी का नाम : ..................................................... कक्षा : ...............
पिता/संरक्षक का नाम : ..................................................... अधिकतम अंक : ...............
कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर : ..................................................... समयावधि : एक घंटा

## कक्षा 1 तथा 2 के लिए


### कक्षा-पहली

1. चित्र देखकर सही शब्द से मिलान कीजिए। 5











बतख
बस
अदरक
कमल
घर




2. कौन और कहाँ रहता है? सही मिलान करें- 5


### कक्षा-दूसरी

1. बेमेल शब्द पर गोला लगाइए- 5

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | पेड़ | फूल | पत्तियाँ | रूमाल |
| (ख) | शेर | बिल्ली | भालू | घर |
| (ग) | तकिया | कटोरी | गिलास | चम्मच |
| (घ) | रोटी | दाल | चावल | गुड़िया |
| (ङ) | सेब | आम | आलू | संतरा |

2. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए- 5


बकरी कछुआ गाय


खत नथ पथ


चूहा कछुआ खरगोश


टमाटर सेब आलू


मीनार सितार गिटार

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2022

**( प्रश्न पत्र का प्रारूप )**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतियोगी का नाम | : | ........................................................ | कक्षा | : | ............... |
| पिता/संरक्षक का नाम | : | ........................................................ | अधिकतम अंक | : | ............... |
| कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | : | ........................................................ | समयावधि | : | एक घंटा |

## कक्षा 3 से 12 तक के लिए

### कक्षा–तीसरी

**1.** कपड़े धुलने वाले को क्या कहते हैं? **4**

(क) माली ○
(ख) धोबी ○
(ग) सुनार ○
(घ) कुम्हार ○

**2.** 'मित्र' शब्द का पर्याय है– **4**

(क) वीर ○
(ख) दुश्मन ○
(ग) दोस्त ○
(घ) शत्रु ○

**3.** 'वह दौड़कर घर गया।' वाक्य में सर्वनाम शब्द है– **4**

(क) वह ○
(ख) दौड़कर ○
(ग) घर ○
(घ) गया ○

**4.** 'भौं-भौं' कौन सा जानवर करता है– **4**

(क) शेर ○
(ख) बिल्ली ○
(ग) कुत्ता ○
(घ) लोमड़ी ○

### कक्षा–चौथी

**1.** अनुस्वार का सही चिह्न है **4**

(क) इक्कीस ○
(ख) उन्नीस ○
(ग) उनतीस ○
(घ) तेईस ○

**2.** कौन-से स्वर की मात्रा नहीं होती? **4**

(क) 'अ' ○
(ख) 'आ' ○
(ग) 'इ' ○
(घ) 'ओ' ○

**3.** 'रोहित अच्छा लड़का है।' वाक्य में अच्छा क्या है? **4**

(क) संज्ञा ○
(ख) सर्वनाम ○
(ग) विशेषण ○
(घ) क्रिया ○

**4.** 'ऋ' से बना सही शब्द है– **4**

(क) कृपा ○
(ख) कृष्ण ○
(ग) कृषि ○
(घ) तीनों ○

**नोट :** प्रत्येक कक्षा हेतु ई-अभ्यास-पत्रिका निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।



## कक्षा-पाँचवीं

1. 'प' वर्ग का तीसरा वर्ण क्या है? **4**
   - (क) ब
   - (ख) द
   - (ग) ज
   - (घ) ग

2. पंद्रह के बाद कौन-सी संख्या आती है? **4**
   - (क) सोलह
   - (ख) सोले
   - (ग) सोलाहा
   - (घ) सौलह

## कक्षा-छठी

1. 'अनुस्वार' वाला सही शब्द क्या है? **5**
   - (क) मंजन
   - (ख) चाँद
   - (ग) अत:
   - (घ) कॉफी

2. निम्नलिखित में 'दीर्घ स्वर' है- **5**
   - (क) आ
   - (ख) ए
   - (ग) ऐ
   - (घ) तीनों

## कक्षा-सातवीं

1. 'अमृत' शब्द का विलोम है– **5**
   - (क) शत्रु
   - (ख) जल
   - (ग) विष
   - (घ) सुधा

## कक्षा-आठवीं

1. 'अपवाद' शब्द में उपसर्ग है– **5**
   - (क) अ
   - (ख) अप
   - (ग) वाद
   - (घ) अन्य कोई

## कक्षा-नौवीं

1. 'वह घर चला गया।' अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद है। **5**
   - (क) विधानवाचक
   - (ख) विधिवाचक
   - (ग) निषेधवाचक
   - (घ) इच्छावाचक

## कक्षा-दसवीं

1. 'जैसी करनी ............ भरनी।' लोकोक्ति के लिए सही शब्द चुनिए। **5**
   - (क) जैसी
   - (ख) ऐसी
   - (ग) वैसी
   - (घ) कैसी

## कक्षा-ग्यारहवीं

1. 'प्रिंट मीडिया' का उदाहरण है– **4**
   - (क) रेडियो
   - (ख) समाचार-पत्र
   - (ग) टेलीविज़न
   - (घ) तीनों

## कक्षा-बारहवीं

1. 'संपादकीय' कौन तैयार करता है? **4**
   - (क) संपादक
   - (ख) संवाददाता
   - (ग) दोनों
   - (घ) अन्य कोई



## आवश्यक सूचना

महोदय / महोदया,

हिंदी विकास संस्थान राष्ट्रीय स्तर का सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत संस्थान है, जो नीति आयोग, भारत सरकार से भी पंजीकृत है। इस संस्थान में कोई भी निजी प्रकाशक सदस्य नहीं है। कुछ निजी प्रकाशक अपने लाभ के लिए हिंदी विकास संस्थान के मिलते-जुलते नाम से विद्यालयों में पत्र भेजकर या शुल्क कम करने की बात कहकर विद्यालयों को भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। **हिंदी विकास संस्थान** का किसी भी निजी प्रकाशक से कोई संबंध नहीं है।

हिंदी विकास संस्थान द्वारा भेजे गए प्रपत्र पर संस्थान की पंजीकरण संख्या, भेजने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पद, दूरभाष एवं मोबाइल न., ई-मेल, वेबसाइट आदि सब कुछ स्पष्ट रूप से लिखा गया है। कृपया, सावधानीपूर्वक पुष्टि करने के बाद ही कार्य करें।

अपेक्षाओं के साथ,

भवदीय

डॉ. पीयूष कुमार शर्मा
अध्यक्ष, हिंदी विकास संस्थान
मोबाइल नं. : 9891411114 वेबसाइट : **www.hindivikassansthan.com**

---

## अभिभावक संस्तुति-पत्र

प्रिय अभिभावक,

हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2022 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी हिंदी भाषा से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान सरलता से कर पाएँगे और नि:शुल्क दी जाने वाली ई-अभ्यास-पुस्तिका के माध्यम से अधिक-से-अधिक अंक प्राप्त कर सकेंगे।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशस्ति-पत्र, कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र, कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के प्रतियोगियों के लिए राज्य/क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले को ट्रॉफी तथा श्रेष्ठतम अंक प्राप्त करने वाले को 5100/- रुपये नकद राशि भी प्रदान की जाएगी। बोर्ड कक्षाओं के प्रतिभागियों के लिए यह राशि 7500/- रुपये होगी। इस प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को परीक्षा शुल्क के रूप में 200 रुपये देने होंगे। कृपया, शुल्क राशि भेजकर कृतार्थ करें।

प्रतियोगी का नाम .............................................. कक्षा ..............................................
अभिभावक का नाम .............................................. हस्ताक्षर ..............................................
प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या

# हिंदी विकास संस्थान के बढ़ते आयाम

**मुख्य बिंदु–**

- कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्रों हेतु हिंदी ओलंपियाड का आयोजन एवं पुरस्कार।
- हिंदी शिक्षकों के लिए हिंदी **कार्यशालाओं का आयोजन** एवं **पुरस्कार**।
- **10वीं** व **12वीं** कक्षा के छात्रों हेतु पाठ्यक्रम से जुड़ी समस्याओं पर हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन।
- हिंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय सम्मान।



















**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–**

**हिंदी विकास संस्थान**
पंजीकरण संख्या– S/2626/NW/SDM/2016
101, पॉकेट–12, सैक्टर–21, रोहिणी, दिल्ली–110086
ईमेल– hindivikassansthan@gmail.com, वेबसाइट– www.hindivikassansthan.com
दूरभाष– 8800338321, 9891411114